सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

न्यायालय उप खण्डाधिकारी सैपऊ

प्रकरण संख्या : /2019

बमुक : कल्यानसिह बनाम मदनसिह बगैरा

<u>प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल आर एक्ट</u>

03.10.2019 प्रार्थना पत्र बाद जांच कार्यालय से पेश हुआ । वकील प्रार्थी उपस्थित । वकील प्रार्थी को सुना गया । प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जावे। वकील प्रार्थी द्वारा निवेदन किया है कि वर्तमान खाता संख्या 78 के आराजी खसरा नम्बर 100, 101 वाके ग्राम मेहरा तहसील सैपऊ में 1/50 भाग, खाता संख्या 94 के आराजी खसरा नम्बर 104 वाके ग्रम मेहरा तहसील सैपऊ में 1/100 भाग एंव खाता संख्या 100 के आराजी खसरा नम्बर 84 वाके ग्राम मेहरा तहसील सैपऊ में 1/50 भाग के खातेदार काश्तकार है और इसी हैसियत से सहखातेदारान के साथ संयुक्त रूप से काबिज होकर काश्त कर रहे है। प्रार्थी का गॉव का वोलने का नाम पुन्ना है प्रार्थी के गांव के लोंग प्रार्थी को पुन्ना के नाम से पुकारते है जबकि प्रार्थी का असल नाम कल्यानसिह है प्रार्थी के आधार कार्ड, राशनकार्ड, मार्कशीट एंव सभी जगह नाम कल्यान है पुन्ना व कल्यान एक ही व्यकित है।

अंत में निवेदन किया है कि प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाकर विवाादित आराजी में प्रार्थी का नाम पुन्ना के स्थान पर कल्यानसिह किये जाने के आदेश दिये जावें।

हमने विद्वान अभिभाषक की एकपक्षीय बहस सुनी एंव पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावैजो का अवलोकन किया। पत्रावली के अवलोकन से यह सिद्व होना पाया गया है कि प्रार्थी का नाम सभी दस्तावैजो में कल्यानसिह ही है। इससे हम पूर्णतय सहमत है और दस्तावैजो के आधार पर प्रार्थना पत्र प्राथी स्वीकार करना उचित समझते है।

अतः आदेश है कि प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है कि विवादित आराजी के वर्तमान खाता संख्या 78 के आराजी खसरा नम्बर 100, 101 वाके ग्राम मेहरा तहसील सैपऊ में 1/50 भाग, खाता संख्या 94 के आराजी खसरा नम्बर 104 वाके ग्रम मेहरा तहसील सैपऊ में 1/100 भाग एंव खाता संख्या 100 के आराजी खसरा नम्बर 84 वाके ग्राम मेहरा तहसील सैपऊ में 1/50 भाग में प्रार्थी का नाम पुन्ना के स्थान पर कल्यानसिह किया जावें तथा तदनुसार ही वर्तमान राजस्व अभिलेखों में इन्द्राज किया जावें । पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो ।

निर्णय आज दिनांक 03.10.2019 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायलय में सुनाया गया ।

(हरीसिह लम्बोरा)
उपखण्ड अधिकारी
सैपऊ